भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
हिन्द्री प्रश्न पत्र –1 (सहा.कार्य.अभि.)
वर्ष 2018

समय : 3.00 घन्टे — पूर्णांक:100

प्रश्न:1 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें ।

क. जन संचार माध्यम और हिन्दी

ख. सुशासन में ई–गवर्नंस (e-governance) का महत्व।

ग. भारत एक कल्याणकारी राज्य–विवेचना करें।

घ. वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति। (अंक–20)

प्रश्न:2 विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों में सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग की स्थिति राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरुप नहीं है। हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के लिए महानिदेशक की ओर से आवश्यक सुझाव देते हुए सभी क्षेत्रीय एवं अंचल कार्यालयों को पत्र लिखें।

(अंक–20)

प्रश्न:3 निम्नलिखित वाक्यों का शुद्व रुप लिखें ।

(i) आतंकी ने दयाहीन होकर निर्दयता पूर्वक नागरिक को मारा।

(ii) उसे एक गरम चाय का प्याला दे दो।

(iii) अस्तगामी सूर्य का दर्शन भंयकर होता है।

(iv) क्या इस समस्या की आपके पास कोई दवा है?

(v) लड़की एक ऑख से कानी है।

(vi) सच में क्या तुम्हें प्रथम स्थान मिली है।

(vii) वह नित्य गाने की कसरत करता है।

(viii) खरगोश को काटकर गाजर खिलाओ।

(ix) जूता निकालकर अन्दर चले जाओ।

(x) मैं केवल मात्र आप पर ही विश्वास करता हूँ।

(अंक–10

प्रश्न:4 निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखें।

(i) क्षणिक (ii) संगठन (iii) अद्यतन (iv) संक्षिप्त (v) स्थगित
(vi) सौभाग्य (vii) कायर (viii) राक्षस (ix) नि:संशय (x) उपयोगी

(अंक–10)

प्रश्नः5 निम्नलिखित शब्दों का एक–एक पर्यायवाची लिखें:–

(i)वायु (ii) ऑख (iii) कमल (iv) बिजली (v) अतिथि

(अंक–10)

प्रश्नः6 निम्नलिखित अंकों को शब्दों में लिखें:–

(i) 53 (ii) 89 (iii) 93 (iv) 59 (v) 44

(अंक–10)

प्रश्नः7 निम्नलिखित शब्द समूहों को सही क्रम में रखकर अर्थपूर्ण वाक्य बनाएं।

(i) हम/द्वारा की गई/सिफारिशों को/मुख्य अभियन्ता/इस मामले में/ मान लें ।

(ii) चालू/वर्ष के/बजट में/वित्तीय/इस व्यय/के लिए/व्यवस्था है।

(iii) मैं/आज दफ्तर/अस्वस्थ/होने के कारण/असमर्थ हूँ/ आने में।

(iv) आवेदन/के/आभार सूचक/शिष्टता की/शब्द लिखना/अन्त में/दृष्टि से/आवश्यक है।

(v) सामान्य/निधि/का/जो विवरण/भविष्य/के हिसाब/हुआ है/मुझे प्राप्त/ नहीं है/ वह ठीक।

(अंक–10)

प्रश्नः8 निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों के हिन्दी पर्याय लिखें।

(i) Speaking Order
(ii) Contigent Bill
(iii) Official version.
(iv) Money Laundering
(v) Down Payment
(vi) Here in after
(vii) Greivance Redressal
(viii) Commulative effect
(ix) Feed back
(x) Surplus budget.

(अंक–10)



*********